वन मंत्री ने दिया 33 नये एयर क्वालिटी मॉनिटरिंग स्टेशन सहित प्रदेश को कई सौगात

चर्चा में क्यों?

5 जून, 2023 को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर राजस्थान के वन एवं पर्यावरण मंत्री हेमाराम चौधरी ने राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश में 33 नये एयर क्वालिटी मॉनिटरिंग स्टेशन का उद्घाटन तथा जमवारामगढ़ के थोलाई स्थित इंटीग्रेटेड रिसोर्स रिकवरी पार्क का शिलान्यास किया।

प्रमुख बिंदु

- इस अवसर पर वन एवं पर्यावरण मंत्री ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति आमजन में चेतना लाने के उद्देश्य से जनजागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया तथा प्रदूषण नियंत्रण मंडल द्वारा पूर्व में आयोजित हैक द वेस्ट हैकाथॉन के विजेताओं को पुरस्कृत भी किया।
- वन एवं पर्यावरण मंत्री हेमाराम चौधरी ने कहा कि आने वाली पीढ़ी के सुरक्षित भविष्य और प्रदूषण नियंत्रण के लिये सिंगल यूज प्लास्टिक को प्रतिबंधित किया गया है। इसके साथ ही प्रदेश में जारी नवीन वन नीति में पौधारोपण को बढ़ावा दिया गया है।
- इस अवसर पर वन मंत्री ने बताया कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने वैट लैंड और ग्रास लैंड विकास के लिये 40 करोड़ रुपए एवं विश्व प्रसिद्ध सांभर झील के विकास के लिये 10 करोड़ रुपए आवंटित किये हैं।
- उन्होने बताया कि प्रदेश में ईको टयूरिजम को बढ़ावा देने के लिये प्रत्येक ज़िले में 2-2 लव-कुश वाटिका का कार्य प्रगति पर है।
- इस अवसर पर राजस्थान ई-वेस्ट प्रबंधन नीति, राजस्थान जलवायु परिवर्तन नीति, राजस्थान वन नीति 2023, प्लास्टिक वेस्ट इंवेंट्राइजेशन प्रतिवेदन सहित राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल के ब्रोशर का विमोचन किया गया।

//

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/forest-minister-gifts-33-new-air-quality-monitoring-stations